वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर प्रदेश



समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें

दिनांकः 25 सितम्बर 2026

प्रस्तुतिः मीडिया सेल

दैनिक जागरण

जौनपुर जागरण www.jagran.com

एआइ और इंटरनेट मीडिया के दौर में विवेक के साथ तकनीक के इस्तेमाल पर जोर, जिम्मेदारी को भविष्य निर्माण का आधार बताया

आधुनिकता की रफ्तार में शाश्वत मूल्यों को बचाए रखना जरूरी : कुलपति

दैनिक जागरण विचार गोष्ठी

- गुरु-शिष्य परंपरा और मानवीय संवेदनाओं को बताया जीवन का आधार
- दैनिक जागरण की ओर से 'आधुनिकता के दौर में शाश्वत मूल्य' पर विचार संगोष्ठी



पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में उपस्थित शिक्षक व छात्र● जागरण



संकाय भवन में दैनिक जागरण के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह व मंचासीन प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अविनाश पार्थीडेकर, प्रो. मनोज मिश्रा व सुनील कुमार (क्रमशः दाएं से बाएं)● जागरण

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन स्थित कान्फ्रेंस हाल में गुरुवार को दैनिक जागरण की ओर से 'आधुनिकता के दौर में शाश्वत मूल्य' विषय पर विचार संगोष्ठी प्रेरणादायी रही। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि समय और तकनीक लगातार बदल रहे हैं, लेकिन मनुष्य को मनुष्य बनाए रखने वाले शाश्वत मूल्य कभी पुराने नहीं होते। उन्होंने कहा कि एआइ लिख सकता है और कई कार्य कर सकता है, लेकिन सही और गलत का निर्णय मनुष्य को ही करना होगा। तकनीक का उपयोग सुविधा बढ़ाने के लिए हो, विवेक को कमजोर करने के लिए नहीं। इंटरनेट मीडिया पर किसी संदेश को प्रसारित करने से पहले उसकी सत्यता पर विचार करना चाहिए। आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों और मूल्यों को छोड़ना नहीं, बल्कि नए साधनों का उपयोग मानवीय मूल्यों के साथ करना है। कुलपति ने एकलव्य और गुरु द्रोणाचार्य के प्रसंग का उल्लेख करते हुए गुरु के प्रति समर्पण और त्याग को शाश्वत मूल्य बताया। निष्ठा, सच्ची सेवा और जिम्मेदारी को भविष्य निर्माण का आधार बताया। उन्होंने सच बोलने तथा गरीब और जरूरतमंद की मदद करने का साहस रखने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता नवाचार एवं इंक्यूबेशन केंद्र के कार्यकारी निदेशक प्रो. अविनाश पार्थीडेकर ने कहा कि भारतीय समाज की जीवन-पद्धति में पीढ़ियों से चले आ रहे मूल्य आज भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने मैकियावेली के विचारों के माध्यम से राजनीति कौशल, आचरण, निर्णय क्षमता और समय के सदुपयोग की चर्चा की। रामायण और महाभारत के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में व्यक्ति की पहचान उसके चरित्र और आचरण से होती है।

नरेन्द्र मोहन की जयंती पर 11 लाख का सम्मान प्रोत्साहित करने वाला - विषय प्रवर्तन करते हुए जनसंचार एवं पत्रकारिता के संकायाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने गुरु-शिष्य परंपरा, एकलव्य और सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र के प्रसंगों के माध्यम से शाश्वत मूल्यों की व्याख्या की।

कहा कि मूल्य किसी एक काल, व्यक्ति या वर्ग तक सीमित नहीं होते, बल्कि पीढ़ियों को दिशा देते हैं। कहा कि 10 अक्टूबर को दैनिक जागरण द्वारा नरेन्द्र मोहन जी की जयंती पर 11 लाख रुपये का साहित्य सृजन सम्मान देने का कार्यक्रम वास्तव में साहित्यकारों और लेखकों को प्रोत्साहित करने वाला है।

बेहतर बनाना ही शिक्षा और तकनीक की सार्थकता: दिग्विजय - स्वागत भाषण में डा. दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि शिक्षा और तकनीक तभी सार्थक हैं, जब वे व्यक्ति को बेहतर मनुष्य बनाने में सहायक हों। दैनिक जागरण के जिला प्रभारी सर्वेश कुमार मिश्र ने अतिथियों को बुके, स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया। संचालन डा. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं मुख्य अनुशास्ता प्रो. अजय प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डा. अमरेंद्र कुमार सिंह, डा. चंदन सिंह, डा. सुनील कुमार, डा. श्याम कन्हैया सिंह, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. अनु त्यागी और लक्ष्मी मौर्य समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं अन्य रहे।

हिंदुस्तान



हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

अपना

एनएसएस स्थापना दिवस पर नशामुक्ति का दिया संदेश

जौनपुर, संवाददाता। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली और कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं में शराब के दुष्प्रभावों की रोकथाम,

■ वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

जागरूकता और संरक्षण पर चर्चा हुई। कुलपति प्रो. आरके सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा देश की बड़ी शक्ति है। उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्य वक्ता अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि जागरूक युवा किसी वस्तु या आदत को अपनाने से पहले उसके प्रभाव और परिणाम को समझता है। स्वयंसेवक निशांत और अंजली की टीम ने नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। रिया गुप्ता, आस्था सोनी, अंतिम विश्वकर्मा, अंजली चौहान और संध्या बिंद ने नशामुक्ति पर गीत प्रस्तुत किया। स्वागत समन्वयक डॉ. शशिकांत यादव ने किया। संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय और ओम प्रकाश मिश्र ने किया। सुमित सिंह ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. श्याम आदि थे।

अमर उजाला

जिम्मेदार युवा विकसित भारत की मजबूत नींव : कुलपति



पूविवि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नशामुक्त जीवन का संदेश प्रस्तुत करते विद्यार्थी। स्रोत:पूविवि

जौनपुर। पूर्वांचल विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर बृहस्पतिवार को नशामुक्त युवा विकसित भारत अभियान के तहत युवा संवेदना कार्यशाला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति ने कहा कि जिम्मेदार युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। कंज्यूमर वॉयस नई दिल्ली की नीलांजना बोस और कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ के अभिषेक श्रीवास्तव ने शराब समेत अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों और उनसे बचाव के उपायों बताया। शाहगंज में फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. तबरेज आलम ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों के चरित्र में निहित होती है। संवाद

उत्तर शक्ति

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींवः कुलपति

नशामुक्त युवा-विकसित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया एन एस एस स्थापना दिवस

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत युवाओं में शराब के दुष्प्रभावों की रोकथाम, जागरूकता एवं संरक्षण विषयक युवा संवेदनी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं को बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को मिलकर कार्य करना होगा।

मुख्य वक्ता अभिषेक श्रीवास्तव कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ ने कहा कि एक जागरूक युवा वही है जो किसी वस्तु या आदत को अपनाने से पहले उसके प्रभाव और परिणाम को समझता है। आज आवश्यकता है कि हम युवाओं को केवल यह न कहें कि 'नशा मत करो', बल्कि उन्हें यह भी बताएं कि नशे से दूर रहकर जीवन में बेहतर विकल्प क्या हो सकते हैं—खेल, योग, अध्ययन, नवाचार, सामाजिक सेवा और रचनात्मक गतिविधियां।

सुश्री नीलजना बोस ने अपना उद्बोधन एक प्रस्तुतिकारण के साथ प्रस्तुत किया कई बार युवाओं पर दोस्तों का दबाव, सामाजिक वातावरण या यह सोच प्रभाव डालती है कि शराब पीना आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा है। हमें इस सोच पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि आज युवा जीवन



में अनेक प्रकार के दबावों से गुजरता है—पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और साथियों का प्रभाव। ऐसे समय में हमें युवाओं को केवल उपदेश देने के बजाय उन्हें सही जानकारी, सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण देना होगा। मैं कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ का भी आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने युवाओं के बीच इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर संवाद की पहल की है।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित थीम पर स्वयंसेवकों निशांत एवं अंजली की टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। रिया गुप्ता, आस्था सोनी, अंतिम विश्वकर्मा, अंजली चौहान, संध्या विंद ने नशा मुक्त पर सॉन्ग प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत परिचय कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया।

कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय और श्री ओम प्रकाश मिश्र ने किया धन्यवाद ज्ञापन सुमित सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. श्याम कन्हैया डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ. राधिका उर्मिलिया, डॉ. विवेक डॉ. रिचा सिंह, अर्पिता यादव, शिवांगी कौशल, आर्ची वर्मा, बृजेश एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

स्वतंत्र एकता जागरण

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव : कुलपति

नशामुक्त युवा–विकसित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया एन एस एस स्थापना दिवस

स्वतंत्र एकता जागरण



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर "नशा मुक्त युवा–विकसित भारत" अभियान के अंतर्गत युवाओं में शराब के दुष्प्रभावों की रोकथाम, जागरूकता एवं संरक्षण विषयक युवा संवेदनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं को बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्य वक्ता अभिषेक श्रीवास्तव कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ ने कहा कि एक जागरूक युवा वही है जो किसी वस्तु या आदत को अपनाने से पहले उसके प्रभाव और परिणाम को समझता है। आज आवश्यकता है कि हम युवाओं को केवल यह न कहें कि "नशा मत करो", बल्कि उन्हें यह भी बताएं कि नशे से दूर रहकर जीवन में बेहतर विकल्प क्या हो सकते हैं—खेल, योग, अध्ययन, नवाचार, सामाजिक सेवा और रचनात्मक गतिविधियां। सुश्री नीलजना बोस ने अपना उद्बोधन एक प्रस्तुतिकारण के साथ प्रस्तुत किया कई बार युवाओं पर दोस्तों का दबाव, सामाजिक वातावरण या यह सोच प्रभाव डालती है कि शराब पीना आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा है। हमें इस सोच पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि आज युवा जीवन में अनेक प्रकार के दबावों से गुजरता है—पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और साथियों का प्रभाव। ऐसे समय में हमें युवाओं को केवल उपदेश देने के बजाय उन्हें सही जानकारी, सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण देना होगा। मैं कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ का भी आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने युवाओं के बीच इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर संवाद की पहल की है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित थीम पर स्वयंसेवकों निशांत एवं अंजली की टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। रिया गुप्ता, आस्था सोनी, अंतिम विश्वकर्मा, अंजली चौहान, संध्या विंद ने नशा मुक्त पर सॉन्ग प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत परिचय कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया । कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय और श्री ओम प्रकाश मिश्र ने किया धन्यवाद ज्ञापन सुमित सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ श्याम कन्हैया डॉ अनुराग मिश्र, डॉ श्वेता पांडेय, डॉ राधिका उर्मिलिया, डॉ विवेक डॉ रिचा सिंह, अर्पिता यादव, शिवांगी कौशल, आर्ची वर्मा, बृजेश एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

तरूणमित्र

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव : कुलपति

नशामुक्त युवा–विकसित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया एन एस एस स्थापना दिवस

पूर्वांचल लाइफ

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर "नशा मुक्त युवा–विकसित भारत" अभियान के अंतर्गत युवाओं में शराब के दुष्प्रभावों की रोकथाम, जागरूकता एवं संरक्षण विषयक युवा संवेदनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं को बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्य वक्ता अभिषेक श्रीवास्तव कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ ने कहा कि एक जागरूक युवा वही है जो किसी वस्तु या आदत को अपनाने से पहले उसके प्रभाव और परिणाम को समझता है। आज आवश्यकता है कि हम युवाओं को केवल यह न कहें कि "नशा मत करो", बल्कि उन्हें यह भी बताएं कि नशे से दूर रहकर जीवन में बेहतर विकल्प क्या हो सकते हैं—खेल, योग, अध्ययन, नवाचार, सामाजिक सेवा और रचनात्मक गतिविधियां। सुश्री नीलजना बोस ने अपना उद्बोधन एक प्रस्तुतिकारण के साथ प्रस्तुत किया कई बार युवाओं पर दोस्तों का दबाव, सामाजिक वातावरण या यह सोच प्रभाव डालती है कि शराब पीना आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा है। हमें इस सोच पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि आज युवा जीवन में अनेक प्रकार के दबावों से गुजरता है—पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और साथियों का प्रभाव। ऐसे समय में हमें युवाओं को केवल उपदेश देने के बजाय उन्हें सही जानकारी, सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण देना होगा। मैं कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ का भी आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने युवाओं के बीच इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर संवाद की पहल की है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित थीम पर स्वयंसेवकों निशांत एवं अंजली की टीम ने नुक्कड़ नाटक





प्रस्तुत किया। रिया गुप्ता, आस्था सोनी, अंतिम विश्वकर्मा, अंजली चौहान, संध्या विंद ने नशा मुक्त पर सॉन्ग प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत परिचय कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय और श्री ओम प्रकाश मिश्र ने किया धन्यवाद ज्ञापन सुमित सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ श्याम कन्हैया डॉ अनुराग मिश्र, डॉ श्वेता पांडेय, डॉ राधिका उर्मिलिया, डॉ विवेक डॉ रिचा सिंह, अर्पिता यादव, शिवांगी कौशल, आर्ची वर्मा, बृजेश एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

पूर्वांचल लाइफ

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव : कुलपति

नशामुक्त युवा–विकसित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया एन एस एस स्थापना दिवस

तरुणमित्र।

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर "नशा मुक्त युवा–विकसित भारत" अभियान के अंतर्गत युवाओं में शराब के दुष्प्रभावों की रोकथाम, जागरूकता एवं संरक्षण विषयक युवा संवेदनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं को बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्य वक्ता अभिषेक श्रीवास्तव कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ ने कहा कि एक जागरूक युवा वही है जो किसी वस्तु या आदत को अपनाने से पहले उसके प्रभाव और परिणाम को समझता है। आज आवश्यकता है कि हम युवाओं को केवल यह न कहें कि "नशा मत करो", बल्कि उन्हें यह भी बताएं कि नशे से दूर रहकर जीवन में बेहतर विकल्प क्या हो सकते हैं—खेल, योग, अध्ययन, नवाचार, सामाजिक सेवा और रचनात्मक गतिविधियां। सुश्री नीलजना बोस ने अपना उद्बोधन एक प्रस्तुतिकारण के साथ प्रस्तुत किया कई बार युवाओं पर दोस्तों का दबाव, सामाजिक वातावरण या यह सोच प्रभाव डालती है कि शराब पीना आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा है। हमें इस सोच पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि आज युवा जीवन में अनेक प्रकार के दबावों से गुजरता है—पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और साथियों का प्रभाव। ऐसे समय में हमें युवाओं को केवल उपदेश देने के बजाय उन्हें सही जानकारी, सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण देना होगा। मैं कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ का भी आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने युवाओं के बीच इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर संवाद की पहल की है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित थीम पर स्वयंसेवकों निशांत एवं अंजली की टीम ने नुक्कड़ नाटक





प्रस्तुत किया। रिया गुप्ता, आस्था सोनी, अंतिम विश्वकर्मा, अंजली चौहान, संध्या विंद ने नशा मुक्त पर सॉन्ग प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत परिचय कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय और श्री ओम प्रकाश मिश्र ने किया धन्यवाद ज्ञापन सुमित सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ श्याम कन्हैया डॉ अनुराग मिश्र, डॉ श्वेता पांडेय, डॉ राधिका उर्मिलिया, डॉ विवेक डॉ रिचा सिंह, अर्पिता यादव, शिवांगी कौशल, आर्ची वर्मा, बृजेश एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

अमृत प्रभात



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित हुई 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत' कार्यशाला

अमृत प्रभात, जौनपुर (नि.सं.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर ₹नशामुक्त युवा-विकसित भारत₹ विषयक युवा संवेदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आरके सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से उन्हें बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। मुख्य वक्ता अभिषेक श्रीवास्तव ने युव-ाओं को नशे से दूर रहकर खेल, योग, अध्ययन और नवाचार जैसे सकारात्मक विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नीलजना बोस ने आधुनिक जीवनशैली के नाम पर नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर विचार करने की बात कही। डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने युवाओं को सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण देने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक और स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शशिकांत यादव, संचालनकर्ता अभिनव कीर्ति पांडेय व ओम प्रकाश मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन सुमित सिंह ने किया, जिसमें विश्वविद्यालय के कई शिक्षक एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

जनसंदेश

नशामुक्त युवा विकसित भारत की नींव

बोले: कुलपति

नशामुक्त युवा-विकसित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया एनएसएस स्थापना दिवस

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर नशा मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं में शराब के दुष्प्रभावों की रोकथाम, जागरूकता एवं संरक्षण विषयक युवा संवेदनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए

कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं को बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को मिलकर कार्य करना होगा।



कार्यक्रम में छात्रा को सम्मानित करते कुलपति

मुख्य वक्ता अभिषेक श्रीवास्तव कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ ने कहा कि एक जागरूक युवा वही है जो किसी वस्तु या आदत को अपनाने से पहले उसके प्रभाव और परिणाम को समझता है। आज आवश्यकता है कि हम युवाओं को केवल यह न कहें कि नशा मत करो, बल्कि उन्हें यह भी बताएं कि नशे से दूर रहकर जीवन में बेहतर विकल्प क्या हो सकते हैं-खेल, योग, अध्ययन, नवाचार, सामाजिक सेवा और रचनात्मक गतिविधियां। नीलजना बोस ने अपना उद्बोधन एक प्रस्तुतिकारण के साथ प्रस्तुत किया। कई बार युवाओं पर दोस्तों का दबाव, सामाजिक वातावरण या यह सोच प्रभाव डालती है कि शराब पीना आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा है। हमें इस सोच पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि आज युवा जीवन में अनेक प्रकार के दबावों से गुजरता है-पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और साथियों का प्रभाव। ऐसे समय में हमें युवाओं को केवल उपदेश देने के बजाय उन्हें सही जानकारी, सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण देना होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित थीम पर स्वयंसेवकों निशांत एवं अंजली की टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। रिया गुप्ता, आस्था सोनी, अंतिम विश्वकर्मा, अंजली चौहान, संध्या विंद ने नशा मुक्त पर सॉन्ग प्रस्तुत किया।

जौनपुर धारा

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव : कुलपति

जौनपुर धारा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के तहत युवाओं में शराब के दुष्प्रभावों, जागरूकता और संरक्षण विषय पर युवा संवेदनी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली और कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र की महत्वपूर्ण शक्ति है। उन्होंने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं को बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्य वक्ता कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि



युवाओं को किसी वस्तु या आदत को अपनाने से पहले उसके प्रभाव और परिणाम को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहने के संदेश के साथ युवाओं को खेल, योग, अध्ययन, नवाचार, सामाजिक सेवा और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के विकल्पों से भी जोड़ना जरूरी है। सुश्री नीलजना बोस ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं पर साथियों के दबाव और सामाजिक वातावरण के प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शराब को आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा मानने जैसी धारणाओं पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि युवा पढ़ाई, करियर, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाओं और साथियों के प्रभाव जैसे कई दबावों से गुजरते हैं। ऐसे में उन्हें उपदेश देने के बजाय सही जानकारी, मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। एनएसएस स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों निशांत और अंजली की टीम ने 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। रिया गुप्ता, आस्था सोनी, अंतिम विश्वकर्मा, अंजली चौहान और संध्या बिंद ने नशामुक्ति पर गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शशिकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय और ओम प्रकाश मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सुमित सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ. राधिका उमिलिया, डॉ. विवेक, डॉ. रिचा सिंह, अर्पिता यादव, शिवांगी कौशल, आर्ची वर्मा, बृजेश सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

अमर भारती

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव : कुलपति

♦ नशामुक्त युवा विकसित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया एन एस एस स्थापना दिवस

अमर भारती ब्यूरो



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर ÷नशा मुक्त युवा॒विकसित भारत÷ अभियान के अंतर्गत युवाओं में शराब के दुष्प्रभावों की रोकथाम, जागरूकता एवं संरक्षण विषयक युवा संवेदनी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं को बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को मिलकर कार्य करना होगा।

मुख्य वक्ता अभिषेक श्रीवास्तव कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ ने कहा कि एक जागरूक युवा वही है जो किसी वस्तु या आदत को अपनाने से पहले उसके प्रभाव और परिणाम को समझता है। आज आवश्यकता है कि हम युवाओं को केवल यह न कहें कि ÷नशा मत करो÷, बल्कि उन्हें यह भी बताएं कि नशे से दूर रहकर जीवन में बेहतर विकल्प क्या हो सकते हैं– खेल, योग, अध्ययन, नवाचार, सामाजिक सेवा और रचनात्मक गतिविधियां।

नीलजना बोस ने अपना उद्बोधन एक प्रस्तुतिकरण के साथ प्रस्तुत किया कई बार युवाओं पर दोस्तों का दबाव, सामाजिक वातावरण या यह सोच प्रभाव डालती है कि शराब पीना आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा है। हमें इस सोच पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि आज युवा जीवन में अनेक प्रकार के दबावों से गुजरता है–पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और साथियों का प्रभाव। ऐसे समय में हमें युवाओं को केवल उपदेश देने के बजाय उन्हें सही जानकारी, सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण देना होगा। मैं कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ का भी आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने युवाओं के बीच इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर संवाद की पहल की है।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित थीम पर स्वयंसेवकों निशांत एवं अंजली की टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। रिया गुप्ता, आस्था सोनी, अंतिम विश्वकर्मा, अंजली चौहान, संध्या विंद ने नशा मुक्त पर साँग प्रस्तुत किया।

अतिथियों का स्वागत परिचय कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया ।

कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय और श्री ओम प्रकाश मिश्र ने किया धन्यवाद ज्ञापन सुमित सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ श्याम कन्हैया डॉ अनुराग मिश्र, डॉ श्वेता पांडेय, डॉ राधिका उर्मिलिया, डॉ विवेक डॉ रिचा सिंह, अर्पिता यादव, शिवांगी कौशल, आर्ची वर्मा, बृजेश एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

NORTHERN INDIA PATRIKA

Drug-Free Youth Are the Strong Foundation of a Developed India

Jaunpur: A workshop on preventing the harmful effects of alcohol among youth, along with awareness and protection measures, was organized at Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, under the Nasha Mukt Yuva–Viksit Bharat campaign on the occasion of National Service Scheme (NSS) Foundation Day. The workshop was jointly organized by Consumer Voice, New Delhi, and Consumer Guild, Lucknow. Presiding over the workshop, Vice-Chancellor Prof. R. K. Singh said that the energy and talent of young people are the nation's greatest strength. He emphasized that families, educational institutions, social organizations and young people must work together to protect the youth from social evils such as substance abuse. Abhishek Srivastava, Neelanjana Bose and Prof. Pramod Kumar Yadav also addressed the programme and sensitized the participants about the harmful effects of alcohol and the importance of a drug-free society. A team of NSS volunteers, Nishant and Anjali, presented a street play to spread awareness among the youth. Dr. Shashikant Yadav welcomed the guests and participants at the programme.



NORTHERN INDIA PATRIKA

आइडियल इंडिया न्यूज

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव : कुलपति

नशामुक्त युवाझविकसित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया एन एस एस स्थापना दिवस

आइडियल इंडिया न्यूज
डा राजेश जैन, जौनपुर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर ह्यनशा मुक्त युवाझविकसित भारतह्ल अभियान के अंतर्गत युवाओं में शराब के दुष्प्रभावों की रोकथाम, जागरूकता एवं संरक्षण विषयक युवा संवेदनी कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। नशे जैसी सामाजिक





बुराइयों से युवाओं को बचाने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्य वक्ता अभिषेक श्रीवास्तव कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ ने कहा कि एक जागरूक युवा वही है जो किसी वस्तु या आदत को अपनाने से पहले उसके प्रभाव और परिणाम को समझता है। आज आवश्यकता है कि हम युवाओं को केवल यह न कहें कि ह्यनशा मत करोह्ल, बल्कि उन्हें यह भी बताएं कि नशे से दूर रहकर जीवन में बेहतर विकल्प क्या हो सकते हैं– खेल, योग, अध्ययन, नवाचार, सामाजिक सेवा और रचनात्मक गतिविधियां।सुश्री नीलजना बोस ने अपना उद्बोधन एक प्रस्तुतिकारण के साथ प्रस्तुत किया कई बार युवाओं पर दोस्तों का दबाव, सामाजिक वातावरण या यह सोच प्रभाव डालती है कि शराब पीना आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा है। हमें इस सोच पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि आज युवा जीवन में अनेक प्रकार के दबावों से गुजरता है–पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और साथियों का प्रभाव। ऐसे समय में हमें युवाओं को केवल उपदेश देने के बजाय उन्हें सही जानकारी, सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण देना होगा। मैं कंज्यूमर वॉयस, नई दिल्ली एवं कंज्यूमर गिल्ड, लखनऊ का भी आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने युवाओं के बीच इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर संवाद की पहल की है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित थीम पर स्वयंसेवकों निशांत एवं अंजली की टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। रिया गुप्ता, आस्था सोनी, अंतिम विश्वकर्मा, अंजली चौहान, संध्या विंद ने नशा मुक्त पर सॉन्ग प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत परिचय कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया । कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय और श्री ओम प्रकाश मिश्र ने किया धन्यवाद ज्ञापन सुमित सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ श्याम कन्हैया डॉ अनुराग मिश्र, डॉ श्वेता पांडेय, डॉ राधिका उर्मिलिया, डॉ विवेक डॉ रिचा सिंह, अर्पिता यादव, शिवांगी कौशल, आर्ची वर्मा, बृजेश एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।